<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय कुलपति ने की माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय कृषि मंत्री शिष्टाचार भेंट

पंतनगर 03 सितम्बर 2022। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कल उत्तराखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी को शिष्टाचार भेंट किया तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया। तदोपरान्त कुलपति ने माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी से मुलाकात कर विश्वविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। माननीय कृषि मंत्री ने कुलपति को विश्वविद्यालय के संसाधनों का सकारात्मक सोच के साथ उपयोग करने को कहा, ताकि विश्वविद्यालय की आर्थिकी में भी वृद्वि हो सके। उन्होंने शासन के साथ समन्वय बनाने, जैविक खेती की महत्ता व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उसे प्रोत्साहित करने और विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने वाले शोध कार्यो का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुचाने का सुझाव दिया, जिससे किसानों की आय में वृद्वि की जा सके।

माननीय मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी को शिष्टाचार भेंट करते कुलपति, डा. मनमोनह सिंह चौहान।

माननीय कृषि मंत्री, श्री गणेश जोशी से मुलाकात करते विश्वविद्यालय कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान